पुलिस मुख्यालय से लेकर सभी यूनिट्स में चलाया गया स्वच्छता अभियान

चंडीगढ़। यूटी पुलिस विभाग ने मंगलवार को सेक्टर-9 स्थित पुलिस हेडक्वार्टर से लेकर पुलिस लाइन, सभी पुलिस थाने-चौकी और ट्रेनिंग सेंटर और आईआरबी कांप्लेक्स में स्वच्छता अभियान मनाया। पुलिस इंस्पेक्टर और अन्य रैंक पर आसीन पुलिसकर्मी साफ सफाई करते नजर आए, लेकिन बहुत से पुलिसकर्मी उन जगहों पर भी झाड़ू मारते दिखे, जहां कोई कूड़ा ही नहीं था। साफ सुथरी जगहों पर भी पुलिसकर्मियों ने झाड़ू मारकर सफाई की। सभी पुलिसकर्मियों ने अपने ऑफिस और आसपास की जगहों को साफ किया। एसएसपी हेडक्वार्टर, आईपीएस, मिलिंद महादेयो दुंबरे भी सेक्टर-9 पुलिस मुख्यालय के स्वच्छता अभियान में शामिल हुए और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

Amar Ujala Dt: 03/10/18